प्रभु की ज्योत जलाओ प्रभु से लगन लगाओ

प्रभु की ज्योत जलाओ प्रभु से लगन लगाओ,
अपने मन के अंधियारे को उजियारा दिखलाओ,
प्रभु की ज्योत जलाओ प्रभु से लगन लगाओ,

जग माया है तन माया है दुनिया माया ही माया है,
माया से मुक्ति मिल जाए,
ऐसा मार्ग बनाओ,मन की ज्योत जलाओ
प्रभु से लगन लगाओ,

कितने आते कितने जाते प्रभु की प्रभुता को नही पाते,
प्रभु को अगर पाना हो प्यारे भजन प्रभु के गाओ,
प्रभु की ज्योत जलाओ प्रभु से लगन लगाओ,

अर्थ धर्म और काम मोकश के उपर भी इक और शक्ति है,
ओमकार की इस शक्ति में डुबो और तर जाओ,
प्रभु की ज्योत जलाओ प्रभु से लगन लगाओ,

https://bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/16633/title/prabhu-ki-jyot-jlaao-prabhu-se-lagan-lagao

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |